# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 06.09.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वादी की पत्नी को रिक्शा से टक्कर मारकर घायल कर देना जिससे इलाज के दौरान वादी की पत्नी की मृत्यु हो जाने की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी बाबू सिंह पुत्र स्व० सोनेलाल ग्राम दत्तपुर थाना मंगलपुर कानपुर देहात द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त राजेन्द्र द्वारा वादी व उसकी पत्नी इन्द्रानी देवी को शराब के नशे में गाली-गलौज करना अगले दिन वादी की भैंस मर जाने पर वादी द्वारा परिवार में अभियुक्त द्वारा कुछ खिलाने की आशंका होना, जिसकी जानकारी होने पर अभियुक्त राजेन्द्र ने वादी की पत्नी इन्द्रानी देवी गोबर डालने जाते समय पीछे से रिक्शे से टक्कर मारकर उसे गिरा देना तथा रिक्शा आगे-पीछे कर टक्कर मारते रहना व मौके से भाग जाना। पुलिस की मौजूदगी में घायल को सरकारी अस्पताल झींझक ले जाया गया, जहां से अधिक चोटों के कारण जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया। वहाँ से कानपुर नगर रेफर कर देना तथा उपचार के दौरान दिनांक 16.08.2026 को वादी की पत्नी की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 271/26 धारा 105/352/351(3)/61(2) बीएनएस दिनांक 04.09.2026 को अभि0 1. राजेन्द्र पुत्र सोनेलाल 02. वाइस्तवाह देव कुमार पुत्र सोनेलाल 03. वाइस्तवाह कन्हैयालाल पुत्र सोनेलाल निवासीगण ग्राम दत्तपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। । मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम दत्तपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 06.09.2026 को सहकारी संघ के सामने कस्बा झींझक थाना क्षेत्र मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1. राजेन्द्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम दत्तपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 271/26 धारा 105/352/351(3)/61(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अवनीश कुमार वर्मा
2. उ0नि0 श्री अवधेश सिंह
3. रि0कां0 842 रघुराज